www.wagadsandesh.com

# वागड़ संदेश

Tital Code RAJHIN27802

जन मन की आवाज

सम्पर्क

ई पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें

ई-मेल editorwagadsandesh@gmail.com

8890633631
9309255545
6351581818

वर्ष-1 | अंक-223 | सागवाड़ा, बुधवार,20 अप्रैल, 2022 | अवधिः हिन्दी ई-पेपर | पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)


## मुख्यमंत्री की प्रस्तावित यात्रा को लेकर जिला कलेक्टर चौधरी ने किया कार्यक्रम स्थल का दौरा

### व्यवस्थाओं का किया निरीक्षण, दिए दिशा निर्देश





**सागवाड़ा।**

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की 24 अप्रैल को प्रस्तावित यात्रा के मद्देनजर बुधवार को जिला कलेक्टर शुभम चौधरी एवं अतिरिक्त जिला कलेक्टर कृष्णपाल सिंह चौहान ने पंचायत समिति सागवाड़ा की ग्राम पंचायत ज्ञानपुर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

जिला कलेक्टर चौधरी ने सभा स्थल, पार्किंग व्यवस्था, पेयजल एवं सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली। जिला कलेक्टर चौधरी ने ज्ञानपुर में हेलीपैड स्थल को भी देखा। उन्होंने हेलीपैड के आसपास ज्यादा से ज्यादा सिक्योरिटी और बेरीकैट्स लगाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने हेलीपैड के आसपास ज्यादा भीड़ इकट्ठा नहीं होने के भी निर्देश प्रदान किए।

जिला कलेक्टर चौधरी ने एंबुलेंस और फायर ब्रिगेड की व्यवस्था तैनात रखने के निर्देश देते हुए संबंधित अधिकारियों को नगरपालिका सागवाड़ा का सहयोग लेने के निर्देश प्रदान किए हैं। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर कृष्ण पाल सिंह चौहान ने सभा स्थल में पीने के पानी की व्यवस्था पर ज्यादा से ज्यादा फोकस करने के निर्देश दिए । इसके पश्चात जिला कलेक्टर शुभम चौधरी ने पंचायत समिति सागवाड़ा में पंचायत समिति सभागार का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिला कलेक्टर चौधरी ने पंचायत समिति सभागार में बैठक सभागार को देखा एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं।

उन्होंने सभागार में टॉयलेट साफ कराने के निर्देश दिए। साथ ही सीढ़ियों पर कारपेट लगवाने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान नगर पालिका सागवाड़ा अध्यक्ष नरेंद्र खोड़निया, उपाधीक्षक नरपत सिंह, उपखंड अधिकारी राजीव द्विवेदी, तहसीलदार डॉ मयूर शर्मा, पीडब्ल्यूडी के अधीक्षण अभियंता नारायण सिंह मीणा, अधिशासी अभियंता गजेंद्र लोढा, पीएचडी के अधिशासी अभियंता मूलचंद, सहायक अभियंता लोकेश एवं संबंधित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।



## जिला कलेक्टर चौधरी ने सागवाड़ा चिकित्सालय का किया निरीक्षण

### चिरंजीवी योजना व सफाई व्यवस्था को लेकर नाराजगी जताई

**सागवाड़ा।** जिला कलेक्टर शुभम चौधरी एवं अतिरिक्त जिला कलेक्टर कृष्णपाल सिंह चौहान ने बुधवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय चिकित्सालय सागवाड़ा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान चिरंजीवी योजना व सफाई व्यवस्था को लेकर नाराजगी जताई।



निरीक्षण के दौरान जिला कलेक्टर चौधरी ने अस्पताल में सर्जिकल वार्ड को देखा एवं मरीजों से संवाद किया। जिला कलेक्टर चौधरी ने मरीजों से जानकारी लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए हैं। उन्होंने चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना में लोगों का ज्यादा से ज्यादा रजिस्ट्रेशन करवाने के निर्देश दिए। वही अस्पताल में जगह- जगह गंदगी को देखकर जिला कलेक्टर में नाराजगी जताते हुये आवश्यक निर्देश दिए जिला कलेक्टर चौधरी ने अस्पताल में उपस्थिति पंजिका को देखा, साथ ही ड्यूटी रजिस्टर को भी देखा। उन्होंने हाजिरी रजिस्टर में पहले से कोई मार्क नहीं लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने अस्पताल में उपलब्ध चिकित्सकीय उपकरणों की जानकारी ली। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया है कि अस्पताल में दवाइयां देने से पहले रिपोर्ट ली जाएं, बिना रिपोर्ट के दवाइयां नहीं दी जाएं। उन्होंने चिरंजीवी बीमा योजना में अभी तक कितने रजिस्ट्रेशन हुए हैं , उसकी जानकारी ली। उन्होंने अस्पताल में निःशुल्क दवाई भंडारण को देखा ।उन्होंने दवाइयों में एक्सपायरी डेट देखने के भी निर्देश दिए । साथ ही जो दवाइयां उपलब्ध नहीं हो, उसको रखने के निर्देश प्रदान किए हैं।

निरीक्षण के दौरान जिला कलेक्टर चौधरी ने गायनिक और एसएनसीयू रूम को देखा और आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए हैं। निरीक्षण के दौरान उपखंड अधिकारी राजीव द्विवेदी, तहसीलदार डॉक्टर मयूर शर्मा, डॉ रविंद्र मीणा, डॉक्टर करणवीर सिंह, एवं संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## भाटिया नाई समाज का गोरेश्वर धाम पर ज्वाला माता की प्राण प्रतिष्ठा 21 से 23 अप्रैल को

### पुनर्वास कॉलोनी सागवाड़ा से गोरेश्वर महादेव तक निकली शोभायात्र





**सागवाड़ा।** भाटिया नाई समाज चोखला साहेठ द्वारा नवनिर्मित ज्वाला माता मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम का भव्य आयोजन हो रहा है । जिसके पूर्व संध्या शोभायात्रा निकाली गई । शोभायात्रा पुनर्वास कॉलोनी भटिया समाज छात्रावास से शुरू हुई सागवाड़ा शहर के विभिन्न मार्गो से होते हुये शोभयात्रा गोरेश्वर महादेव दिवड़ा बडा पहुंची। शोभायात्रा का जगह- जगह स्वागत किया गया । शोभयात्रा में पारंपरिक नृत्य महिलाओं द्वारा किया गया । वही गोरेश्वर में महाप्रसाद का भी आयोजन किया गया । दो दिवसीय इस आयोजन के अंतर्गत 16 चोखला उदयपुर, बांसवाड़ा , डूंगरपुर ओर गुजरात से समाज जन सिरकत करेंगे। चोखला अध्यक्ष एवं मंदिर निर्माण समिति अध्यक्ष सुखलाल चितरी ने बताया कि मंदिर निर्माण का कार्य विगत 2 वर्षों से पूर्ण हो गया है परंतु कोरोना काल की वजह से प्रतिष्ठा का काम रुक गया था जो 23 अप्रैल को संपादित होगा। प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम को लेकर 16 चोखला अध्यक्ष जवाहर भाटिया भीलूड़ा ने बताया कि माताजी की प्राण प्रतिष्ठा में करीब 10 हजार लोगों के आने की संभावना को देखते हुए विशाल पांडाल, भोजन एवं विश्राम हेतु व गरमी का समय होनेसे आने वाले मेहमानों की व्यवस्था हेतु समाज के सभी गांवों के युवा व बुजुर्ग महानुभावो द्वारा समितियां गठित कर कार्यो का बटवारा किया जिसमें सभी समाज जन बढ़चढ़ अपना योगदान दे रहे है, कार्यक्रम में 11कुण्डात्मक विष्णुयाग के साथ 21अप्रैल को दस विधि स्नान ,मंडप पूजन वगेरा पंडितो द्वारा पूजार्चना के साथ 22 को अग्नि स्थापना, हवन कर्म, मूर्तिका शायनाधिवास, धन्यधीवास, शयनाधिवास, स्तपन कार्य एवं वास्तु वगेरा साथ ही 22 कि शाम को 16 चोखलो से आने वाले समाज जनो का स्वागत रश्म के साथ पंडाल में अगवानी होगी तत्पश्चात रात्रि में मंचीय कार्यक्रम में सामाजिक विकास ओर समज के उत्थान पर खुला मंच ओर भामाशाह एवं प्रतिभाओका सम्मान समारोह होगा, अन्तमे रात्रि दरम्यान इंदौर व पालोदा से सत्संग मंडल द्वरा भजन कीर्तन का कार्यक्रम होगा 23 को 1111 कलश की गंगाजल यात्रा में महिलाओं द्वारा ड्रेस कोड के साथ कलश यात्रा निकलेगी। स्थापित देवता पूजन, मूर्तिका न्यास, प्राण प्रतिष्ठा, शिखर, कीर्ति स्तंभ,गुम्मट की प्रतिष्ठा के साथ महा आरती ओर पूर्णाहुति के साथ महाप्रसाद होगा।

## राजस्थान में फिर बदला मौसम

**जयपुर।** राजस्थान के कई शहरों में बुधवार दोपहर बाद मौसम में बदलाव आया और तापमान में गिरावट हुई। उदयपुर, जोधपुर, अजमेर संभाग में धूलभरी आंधी चलने के साथ आसमान में बादल छा गए।

## सीमलवाड़ा में मुख्यमंत्री निरोगी राजस्थान चिरंजीवी स्वास्थ्य शिविर




**सिमलावाड़ा।** चिरंजीवी स्वास्थ्य शिविर में आयुर्वेद विभाग की सेवाएं- मुख्यमंत्री निरोगी राजस्थान चिरंजीवी स्वास्थ्य शिविर, लक्ष्य – 'आमजन को मिले उचित उपचार' के तहत चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के साथ में आयुर्वेद विभाग द्वारा आयुर्वेद औषधियों द्वारा निदान, परामर्श, जांच एवं चिकित्सा दी गई । जिसमें प्रमेह (डायाबीटीज) के मरीजों की लेबोरेटरी द्वारा जांच के पश्चात् आयुर्वेद औषधियों को देकर विविध रोगों के मरीजों की निदान कर चिकित्सा परामर्श किया गया। पूर्व में बांसिया में लगे शिविर के मरीजों का फोलोअप किया गया तो प्रमेह रोगों महत्तम रोग निवारण हुआ पाया गया जिसमे आयुर्वेद औषधियों की प्रभावी चिकित्सा का अनुभव प्राप्त हुआ। पूर्व सांसद ताराचन्द भगोरा, रूपचंद भगोरा एवं महेंद्र भगोरा की उपस्थिति में शिविर में चिकित्सा सेवाएं देते हुए आयुर्वेद चिकित्साधिकारी डॉ अभयसिंह मालीवाड ने दसवीं बार रक्तदान किया। पश्चात मुख्य स्वास्थ्य एवं चिकित्सा अधिकारी डॉ राजेश शर्मा ने आयुर्वेद विभाग को देखा और डॉ मालीवाड ने गिलोय एवं डायाबीटीज के बारे में विस्तृत जानकारी दी । शिविर में रक्तदान करनेवाले रक्तदाताओं गुणवंत कलाल, डॉ अभयसिंह, मुकेश पारगी, ईश्वर लाल डामोर इत्यादि का डॉ राजेश शर्मा ने प्रमाणपत्र से सम्मानित किया । आयुर्वेद विभाग से स्वास्थ्य शिविर में ब्लॉक अधिकारी डॉ सतानन्द सिंह, कंपाउंडर कमला शंकर बलात, लक्ष्मण लाल डामोर, परिचारक राजेंद्र प्रसाद, योग प्रशिक्षक निशा खांट, मुकेश डामोर एवं प्रवीण पाटीदार उपस्थित रहकर सेवाएं दी ।

## राजस्थान में 1 रुपए यूनिट महंगी होगी बिजली

**जयपुर।** राजस्थान में बिजली और कोयला संकट फिर गहरा गया है। प्रदेश के अलग-अलग बिजली घरों में पॉवर प्रोडक्शन की 5 यूनिट्स तकनीकी कारणों से बंद बताई जा रही है। कोयले की कमी और केंद्र की गाइडलाइंस के कारण प्रदेश को विदेशों से कोयले की खरीद बढ़ानी होगी। महंगा कोयला खरीदने का असर उपभोक्ताओं पर फ्यूल सरचार्ज के रूप में पड़ सकता है। बिजली 1 रुपए प्रति यूनिट तक महंगी हो सकती है। सूरतगढ़ थर्मल पॉवर प्लांट में 660 मेगावाट की सुपर क्रिटिकल यूनिट और 250 मेगावाट की यूनिट, कालीसिंध पॉवर प्लांट की 600 मेगावाट यूनिट, कोटा थर्मल पॉवर प्लांट की 210 मेगावाट यूनिट और छबड़ा थर्मल पॉवर प्लांट की 250 मेगावाट की यूनिट में बिजली प्रोडक्शन पूरी तरह ठप है। उन्हें सुधारकर इसलिए चालू नहीं किया जा रहा है, क्योंकि कोयले का पूरा स्टॉक नहीं मिल पा रहा है। प्रदेश के बिजलीघरों में केवल 3 से 4 दिन का ही कोयला स्टॉक बचा है, जबकि गाइडलाइंस के मुताबिक 26 दिन का कोयला स्टॉक होना चाहिए।

## मोदी जी हिंसा की घटनाओं की निंदा करें, देश को संबोधित करें: गहलोत

**जयपुर/नई दिल्ली।** राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने देश के कुछ इलाकों में हुई हालिया सांप्रदायिक हिंसा की घटनाओं को लेकर बुधवार को भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इन घटनाओं की निंदा करनी चाहिए और देश को संबोधित करना चाहिए। हाल में हुई हिंसक घटनाओं का उल्लेख करते हुए उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि देश में इतनी खतरनाक राजनीति चल रही है। सभी देशवासियों और नौजवानों को विशेष रूप से समझना पड़ेगा कि सच्चाई क्या है? खाली धर्म के नाम पर अगर हम और आप लोग बिल्कुल ही एक तरफ सोचने लग जाएंगे, तो वो देशहित में नहीं होगा। आने वाले वक्त में पूरे देश को, पूरे प्रदेश को और नौजवानों को भुगतना पड़ेगा।

## अनुसूचित जाति जनजाति अत्याचार जिला स्तरीय सतर्कता समिति की बैठक आयोजित

**डूंगरपुर।** जिला कलक्टर शुभम चौधरी की अध्यक्षता में बुधवार को अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के व्यक्तियों पर अत्याचार एवं मामलों की सतर्कता पूर्वक जांच एवं प्रभावी कार्रवाई हेतु गठित जिला स्तरीय सतर्कता एवं मानिटरिंग समिति की बैठक आयोजित की गई।



जिला कलेक्टर सभाकक्ष में आयोजित बैठक के प्रारंभ में सदस्य सचिव एवं उपनिदेशक सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग अशोक शर्मा ने बताया कि उपखंड स्तर पर उपखंड स्तरीय सतर्कता और मॉनिटरिंग समिति का गठन किया जाना है । इस संदर्भ में जिला कलेक्टर ने तत्काल कार्यवाही के निर्देश प्रदान किए। इसके साथ ही जिला कलेक्टर चौधरी ने एट्रोसिटी एक्ट के तहत अब तक दर्ज मुकदमे तथा उनके निस्तारण की विस्तार पूर्वक जानकारी प्राप्त की । उन्होंने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को निर्देशित किया कि जब कोई इस संदर्भ में एफआईआर हो तो प्रकरण की सूचना समाज कल्याण विभाग को भी करने को कहा। साथ ही उन्होंने समाज कल्याण उप निदेशक को क्राइम के प्रकार को आईपीसी सेक्शन के साथ मिलान करते हुए प्रस्तुत प्रकरण में लिखने के भी निर्देश दिए। बैठक में नगर परिषद सभापति अमृत कलासुआ प्रतिनिधि सांसद, अतिरिक्त जिला कलेक्टर कृष्ण पाल सिंह चौहान, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुरेश सांवरिया, विधि शाखा के कौशिक पंड्या मौजूद रहे।

## ग्राम पंचायत चीतरी एवं कतिसौर का पंडित दीनदयाल उपाध्याय पंचायत सशक्तिकरण राष्ट्रीय पुरुस्कार हेतु चयन

**डूंगरपुर ।** डूंगरपुर जिले की दो ग्राम पंचायतों पंचायत समिति आसपुर की ग्राम पंचायत कतिसौर एवं पंचायत समिति गलियाकोट की ग्राम पंचायत चीतरी का दीनदयाल उपाध्याय पंचायत सशक्तिकरण पुरस्कार वर्ष 2022 (निर्धारण वर्ष 2020-21) राष्ट्रीय पंचायत अवार्ड हेतु चयन हुआ है।

ग्रामीण पंचायत एवं राज विभाग, जिला परिषद् डूंगरपुर से प्राप्त जानकारी के अनुसार निदेशक पंचायती राज विभाग राजस्थान जयपुर द्वारा दिनांक 24 अप्रैल, 2022 को राष्ट्रीय पंचायत दिवस पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली पंचायती राज संस्थाओं को राष्ट्रीय पंचायत अवार्ड से पुरूस्कृत करने एवं विशेष ग्राम सभा का आयोजन करने हेतु निर्देशित किया गया है ।

उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली पंचायती राज संस्थाओं का चयन वर्ष 2020-21 के कार्यो के आधार पर केन्द्र सरकार द्वारा किया गया है। पुरूस्कृत ग्राम पंचायतों में राज्य सरकार के निर्देशों की पालना में थर्ड पार्टी से संबंधित ग्राम पंचायतों में अरावली संस्था द्वारा अध्ययन करवाया गया। अरावली संस्था की रिपोर्ट राज्य, केन्द्र सरकार को प्रस्तुत करने के उपरान्त केन्द्र सरकार द्वारा दीनदयाल उपाध्याय पंचायत सशक्तिकरण पुरस्कार वर्ष 2022 (निर्धारण वर्ष 2020-21) राष्ट्रीय पंचायत अवार्ड हेतु चयनित किया गया है

उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली पंचायती राज संस्थाओं को पुरस्कार की राशि ग्राम पंचायत के बैंक खातों में ई-हस्तान्तरित की जायेगी। इसी परिप्रेक्ष्य में डूंगरपुर जिले की दो ग्राम पंचायतों पंचायत समिति आसपुर की ग्राम पंचायत कतिसौर एवं पंचायत समिति गलियाकोट की ग्राम पंचायत चीतरी का दीनदयाल उपाध्याय पंचायत सशक्तिकरण पुरस्कार वर्ष 2022 (निर्धारण वर्ष 2020-21) राष्ट्रीय पंचायत अवार्ड हेतु चयन हुआ है।

जयपुर से प्राप्त निर्देशो की पालना में पुरूस्कृत ग्राम पंचायतों को 24 अप्रैल 2022 को आयोजित राष्ट्रीय पंचायत दिवस पर विशेष ग्राम सभा में जनप्रतिनिधियों, जिला प्रभारी मंत्री, सांसद, विधायक एवं वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों व गणमान्य अधिकारियों को आमन्त्रित कर उनके द्वारा संबंधित पंचायती राज संस्थाओं को प्रशंसा पत्र तथा स्मृति चिन्ह वितरण कर सम्मानित किया जावेगा।

प्राप्त निर्देशों की पालना में राष्ट्रीय पंचायत दिवस के अवसर पर जिले की समस्त 353 ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया जा रहा है ।

इसमें विषयों पर चर्चा कर संकल्प लेकर ग्राम सभा में प्रस्ताव लिये जायेंगें।

इस संदर्भ में समस्त विकास अधिकारियों को 24 अप्रैल, 2022 को आयोजित होने वाली विशेष ग्राम सभा हेतु निर्देशित किया जा चुका है।